# ग्रामोद्योग संचालनालय (हाथकरघा प्रभाग) छत्तीसगढ़

चतुर्थ तल, ब्लॉक-ए, इन्द्रावती भवन, अटल नगर, नवा रायपुर 492002
फोन नं.- 0771-2511766 email-handloomraipur@gmail.com

क्रमांक/हा./IIHT/प्रवेश/2026-27/ 758 रायपुर दिनांक 22.06.2026

प्रति,

संचालक
जनसंपर्क संचालनालय
ब्लॉक-ए प्रथम तल, इंद्रावती भवन
अटल नगर, नवा रायपुर (छ.ग.)

विषय :- भारतीय हाथकरघा प्रौद्योगिकी संस्थान चाम्पा एवं भारतीय हाथकरघा प्रौघोगिकी संस्थान बरगढ़ (उड़ीसा) में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश हेतु विज्ञापन के प्रकाशन बाबत्।

संदर्भ :- 1. भारतीय हाथकरघा प्रौद्योगिकी संस्थान, चाम्पा का पत्र क्रमांक 271 दिनांक 17.06.2026
2. ग्रामोद्योग संचालनालय हाथकरघा प्रभाग नवा रायपुर का पत्र क्रमांक 624 दिनांक 18.05.2026

-000-

विषयांतर्गत भारतीय हाथकरघा प्रौद्योगिकी संस्थान चाम्पा एवं भारतीय हाथकरघा प्रौघोगिकी संस्थान बरगढ़ (ओड़िशा) में डिप्लोमा इन हैण्डलूम एण्ड टेक्सटाईल टेक्नोलॉजी पाठ्यक्रम में दिनांक 10.06.2026 तक शैक्षणिक सत्र 2026-27 के प्रवेश हेतु इस कार्यालय के संदर्भित पत्र (2) द्वारा विज्ञापन जारी करने हेतु पत्र प्रेषित किया गया था, जिसका विज्ञापन क्रमांक 262700827 है।

निर्धारित तिथि तक पर्याप्त आवेदन प्राप्त नहीं होने के फलस्वरूप प्राचार्य भारतीय हाथकरघा प्रौद्योगिकी संस्थान के संदर्भित पत्र (1) द्वारा इसके व्यापक प्रचार-प्रसार एवं प्रवेश सूचना का विज्ञापन पुनः जारी किये जाने हेतु पत्र प्राप्त हुआ है। उक्त संस्थान में प्रवेश हेतु आवेदन पत्र जमा किये जाने की **अंतिम तिथि 05.07.2026** निर्धारित की गई है, जिसका दैनिक समाचार पत्रों एवं रोजगार और नियोजन में प्रकाशन किया जाना है।

अतः कृपया संलग्न अनुसार संक्षिप्त विज्ञापन पांच-पांच दिनो के अंतराल में राज्य के प्रमुख समाचार पत्रों जैसे दैनिक भास्कर, नवभारत, हरिभूमि, पत्रिका, नई दुनिया आदि में एवं विज्ञापन का विस्तृत रूप रोजगार और नियोजन के आगामी अंक में प्रकाशित कराने का कष्ट करें।

**संलग्नः-उपरोक्तानुसार।**

संयुक्त संचालक
ग्रामोद्योग संचालनालय हाथकरघा
छत्तीसगढ़ रायपुर

क्रमांक/हा./IIHT/प्रवेश/2026-27/ 758-A नवा रायपुर, दिनांक 22.06.2026

प्रतिलिपिः-

1. प्राचार्य, भारतीय हाथकरघा प्रौद्योगिकी संस्थान, बरगढ़ (उड़ीसा) की ओर संदर्भित पत्र के संबंध में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
2. प्रभारी, बुनकर सेवा केंद्र रायगढ़ की ओर सूचनार्थ।
3. उप/सहायक संचालक, जिला हाथकरघा कार्यालय ............. अपने कार्यालय के सूचना पटल एवं अधिनस्थ जिलों में स्थित बुनकर सहकारी समितियों के सूचना पटल पर चस्पा कराते हुए पात्र अभ्यार्थियों को आवेदन आमंत्रण हेतु प्रोत्साहित करे।।

संयुक्त संचालक
ग्रामोद्योग संचालनालय हाथकरघा
छत्तीसगढ़ रायपुर

# ग्रामोद्योग संचालनालय (हाथकरघा प्रभाग) छत्तीसगढ़

**चतुर्थ तल, ब्लॉक-ए, इन्द्रावती भवन, अटल नगर, नवा रायपुर 492002**

फोन नं.- 0771-2511766 email-handloomraipur@gmail.com


------

## // विज्ञापन //

छत्तीसगढ़ शासन, ग्रामोद्योग संचालनालय (हाथकरघा) नवा रायपुर अंतर्गत भारतीय हाथकरघा प्रौद्योगिकी संस्थान चाम्पा एवं भारतीय हाथकरघा प्रौद्योगिकी संस्थान बरगढ़ (उड़ीसा) में जुलाई 2026 से प्रारंभ होने वाले शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए डिप्लोमा इन हैण्डलूम एण्ड टेक्सटाईल टेक्नोलॉजी के त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम के प्रथम सेमेस्टर में एवं लेटरल एंट्री के माध्यम से सीधे तृतीय सेमेस्टर में प्रवेश हेतु छत्तीसगढ़ राज्य के निवासियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जा रहे है। चांपा संस्थान हेतु प्रथम सेमेस्टर में 30 सीट एवं तृतीय सेमेस्टर में 27 सीट तथा बरगढ़ संस्थान हेतु प्रथम सेमेस्टर में 04 सीट एवं तृतीय सेमेस्टर में 01 सीट पर प्रवेश दिया जाना है। प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश हेतु 10वीं अथवा समकक्ष परीक्षा अंग्रेजी विषय सहित उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। आवेदक की आयु 16 जुलाई 2026 को 15 से 23 वर्ष के बीच एवं अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के आवेदकों की आयु 15 से 25 वर्ष होगी। सीधे तृतीय सेमेस्टर में प्रवेश हेतु आवेदक गणित, भौतिक विज्ञान एवं रसायन विज्ञान विषयों के साथ (10+2) परीक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए अथवा किसी भी वस्त्र विधा के व्यावसायिक विषय में (10+2) की परीक्षा के उत्तीर्ण होना चाहिए अथवा हाईस्कूल (10वीं) परीक्षा उत्तीर्ण के साथ 02 वर्ष का औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (ITI) से प्रशिक्षण प्राप्त होना चाहिए अथवा हायर सेकेण्डरी (10+2) परीक्षा के साथ 02 वर्ष का औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (ITI) से प्रशिक्षण प्राप्त होना चाहिए। आवेदक की आयु 16 जुलाई 2026 को 17 से 25 वर्ष के बीच तथा अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के आवेदकों की आयु 17 से 27 वर्ष होगी। आवेदन पत्र भारतीय हाथकरघा प्रौद्योगिकी संस्थान चाम्पा के वेबसाईट https://iihtchampa.org.in/ से डाऊनलोड किया जा सकता है। **दिनांक 05.07/2026 को सायं 5:00 बजे** तक भरे हुये आवेदन पत्र स्वअभिप्रमाणित कर ई-मेल के माध्यम से संस्थान के **ई-मेल iihtchampacg@gmail.com** में भेज सकते है अथवा रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से/स्वयं उपस्थित होकर प्राचार्य, भारतीय हाथकरघा प्रौद्योगिकी संस्थान, मड़वा प्लांट रोड, लछनपुर चौक, चाम्पा, जिला जांजगीर-चाम्पा (छ.ग.) 495669, मोबाईल नंबर- 7049046588 में जमा कर सकते है।

संयुक्त संचालक<br>
ग्रामोद्योग संचालनालय हाथकरघा<br>
छत्तीसगढ़ रायपुर

## ग्रामोद्योग संचालनालय (हाथकरघा)
## चतुर्थ तल, ब्लॉक–ए, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर 490002 (छत्तीसगढ़)

### //प्रवेश सूचना//

भारतीय हाथकरघा प्रौद्योगिकी संस्थान चाम्पा एवं बरगढ़ ~~(उड़ीसा)~~ में दिनांक 16 जुलाई 2026 से प्रारंभ होने वाले **डिप्लोमा इन हैण्डलूम एण्ड टेक्सटाईल टेक्नोलॉजी** के त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम के प्रथम सेमेस्टर एवं Lateral Entryके आधार पर सीधे तृतीय सेमेस्टर में प्रवेश हेतु छत्तीसगढ़ राज्य के निवासियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। उपरोक्त दोनों संस्थानों में प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश हेतु उपलब्ध सीटों की संख्या निम्नानुसार है :–

| क्र. | संस्थान | उपलब्ध सीट | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | अजजा (ST) | अजा(SC) | अपिव (OBC) | बुन. समुदाय (WC) | अनारक्षित (UR) | आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWS) | कुल |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 01 | भारतीय हाथकरघा प्रौद्योगिकी संस्थान, चाम्पा | 09 | 04 | 04 | 06 | 07 | 00 | 30 |
| 02 | भारतीय हाथकरघा प्रौद्योगिकी संस्थान, बरगढ़ | 01 | 01 | – | 01 | 01 | 00 | 04 |

- **प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश हेतु न्यूनतम शैक्षणिक अर्हता** :–आवेदक को हाईस्कूल (10वीं) अथवा समकक्ष परीक्षा अंग्रेजी सहित उत्तीर्ण होना आवश्यक है।
- **आयु सीमा** :–आवेदक की आयु सीमा **16 जुलाई 2026** को **15 वर्ष से 23** वर्ष के बीच होना आवश्यक है। अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों के लिए आयु सीमा **15 वर्ष से 25** वर्ष होगी।

**सीधे तृतीय सेमेस्टर (Lateral Entry) में प्रवेश हेतु उपलब्ध सीटों की संख्या निम्नानुसार है :–**

| क्र. | संस्थान | उपलब्ध सीट | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | अजजा (ST) | अजा (SC) | अपिव (OBC) | बुन. समुदाय (WC) | अनारक्षित (UR) | आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWS) | कुल |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 01 | भारतीय हाथकरघा प्रौद्योगिकी संस्थान,चाम्पा | 09 | 03 | 04 | 05 | 06 | 00 | 27 |
| 02 | भारतीय हाथकरघा प्रौद्योगिकी संस्थान, बरगढ़ | 00 | 00 | 00 | 00 | 00 | 01 | 01 |

- **सीधे तृतीय सेमेस्टरमें प्रवेश हेतु न्यूनतम शैक्षणिक अर्हता :–**

आवेदक को हायर सेकेण्डरी (12वीं) की परीक्षा **गणित, भौतिकी एवं रसायन विषय** सहित उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।

**अथवा**

आवेदक को **वस्त्र प्रौद्योगिकी के व्यावसायिक विषय**के साथ हायर सेकेण्डरी (12वीं) की परीक्षा के उत्तीर्णहोना अनिवार्य है।

**अथवा**

हाईस्कूल (10वीं) परीक्षा के साथ 02 वर्ष का **औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (ITI)** से प्रशिक्षण प्राप्त अभ्यर्थी तृतीय सेमेस्टर में प्रवेश हेतु पात्र होगा।

**अथवा**

हाईस्कूल (12वीं) परीक्षा के साथ 02 वर्ष का **औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (ITI)** से प्रशिक्षण प्राप्त अभ्यर्थी तृतीय सेमेस्टर में प्रवेश हेतु पात्र होगा।

- **आयु सीमा** :–आवेदक की आयु सीमा **16 जुलाई 2026** को **17 वर्ष से 25** वर्ष के बीच होना आवश्यक है। अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों के लिए आयु सीमा **17 वर्ष से 27** वर्ष होगी।

**छात्रवृत्ति** :–संस्थान में प्रवेश प्राप्त एवं अध्ययनरत सभी जाति वर्ग के छात्र/छात्राओं को माह में 80% उपस्थिति के आधार पर निम्नानुसार छात्रवृत्ति प्रदान की जा रही है।

- डिप्लोमा प्रथम वर्ष – रूपये 2500/– प्रतिमाह
- डिप्लोमा द्वितीय वर्ष – रूपये 2500/– प्रतिमाह
- डिप्लोमा तृतीय वर्ष – रूपये 2500/– प्रतिमाह

**अन्य शर्तें :–**

- संस्थान में प्रवेश के लिए चयनित अभ्यर्थी को निर्धारित प्रारूप में बांड पत्र निष्पादित करना होगा।
- अभ्यर्थी को उपरोक्त दोनों संस्थानों हेतु आवेदन करने पर दोनों में से किसी एक संस्थान में प्रवेश के लिए अपनी प्राथमिकता को दर्शाना होगा।

**आवेदन कैसे करें :–**

1. इस विज्ञापन के साथ आवेदन पत्र का निर्धारित प्रारूप प्रकाशित किया गया है, साथ ही आवेदन पत्र भारतीय हाथकरघा प्रौद्योगिकी संस्थान चाम्पा के वेबसाईटhttps://iihtchampa.org.in/से डाऊनलोड किया जा सकता है। भरे हुये आवेदन पत्र संस्थान के **ई–मेंल (iihtchampacg@gmail.com)** के माध्यम से अथवा **प्राचार्य, भारतीय हाथकरघा प्रौद्योगिकी संस्थान, मड़वा प्लांट रोड, लछनपुर चौक, चाम्पा, जिला जांजगीर–चाम्पा (छ.ग) 495669** में रजिस्टर्ड पोस्ट द्वारा अथवा स्वयं उपस्थित होकर **दिनांक 30/06/2026** को **सायं 5.00 बजे तक** जमा करना अनिवार्य है।

**अधूरे एवं निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा।**

2. आवेदन पत्र के साथ निम्न प्रमाण पत्रों की छायाप्रति स्वअभिप्रमाणित कर संलग्न किया जाना आवश्यक है :–

**प्रथम सेमेस्टर हेतु :–**

1. हाईस्कूल परीक्षा की अंकसूची।
2. छत्तीसगढ़ के मुल निवासी का सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र।
3. अनुसूचित जाति/जनजोति/अपिव होने का सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र।
4. बुनकर समुदाय हेतु आरक्षित सीट से प्रवेश लेने हेतु बुनकर समुदाय से संबंधित होने का प्रमाण पत्र। (बुनकर समुदाय का होने के समर्थन में अपने पिता/पालक का बुनकर फोटो परिचय पत्र, बुनकर क्रेडिट कार्ड या बुनकर स्वास्थ्य बीमा कार्डया बुनकर यार्न पासबुक की सत्यापित फोटोप्रति अथवा बुनकर सेवा केन्द्र या राज्य सरकार के कार्यालय द्वारा बुनकर होने का प्रमाण पत्र अनिवार्य होगा।)

**तृतीय सेमेस्टर हेतु :–**

1. हायर सेकेण्डरी (12वीं) परीक्षा की अंकसूची अथवा हाईस्कूल परीक्षा की अंकसूची। अथवा (10+2 Maths Group, 10+2+Textile Additionalअतिरिक्त विषय) समकक्ष उत्तीर्ण परीक्षा की अंकसूची।
2. 02 वर्ष का डिप्लोमा प्रमाण पत्र – औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान(ITI) से प्राप्त। (केवल हाईस्कूल परीक्षा उत्तीर्ण होने की स्थिति में)
3. छत्तीसगढ़ के मुल निवासी का सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र।
4. अनुसूचित जाति/जनजाति/अपिव होने का सक्षम प्राधिकरी द्वारा जारी प्रमाण पत्र।

संयुक्त संचालक
ग्रामोद्योग संचालनालय हाथकरघा,
विभागाध्यक्ष कार्यालय, ब्लाक ए,
चतुर्थतल इंद्रावती भवन,
नवा रायपुर (छ.ग.)

<u>आवेदन पत्र का प्रारूप</u>

| स्वप्रमाणित<br>पासपोर्ट साईज<br>नवीनतम फोटोग्राफ |
|---|

**भारतीय हाथकरघा प्रौद्योगिकी संस्थान**
**चाम्पा (छत्तीसगढ़)/बरगढ़ (उड़ीसा) के लिए**
**आवेदन पत्र**

**प्रति,**

संचालक,
ग्रामोद्योग संचालनालय (हाथकरघा कक्ष)
विभागाध्यक्ष कार्यालय, ब्लाक ए,
चतुर्थतल, इंद्रावती भवन, नवा रायपुर (छ.ग.) पिनकोड– 492002

दिनांक .................................. को प्रकाशित विज्ञापन के संदर्भ में निम्न विवरण अनुसार मैंअपना आवेदन पत्र प्रस्तुत करता हूँ :–

| | प्रथम सेमेस्टर | | तृतीय सेमेस्टर |
|---|---|---|---|

1. आवेदक का नाम
   हिन्दी में :.............................................................................
   अंग्रेजी में :.............................................................................
2. पिता का नाम :.............................................................................
3. माता का नाम :.............................................................................
4. (अ) जन्म तिथि :.............................................................................
   (ब) आयु (16.07.2026 की स्थिति में) : ..............वर्ष ..............माह ................दिन
5. राज्य का नाम, जहां के मूल निवासी है :.............................................................................
6. वर्ग (सामान्य/अजा/अजजा/अपिव) :.............................................................................
7. बुनकर समुदाय से हैं अथवा नहीं :.............................................................................
   (यदि हां तो प्रमाण पत्र संलग्न करें।)
8. पिता का व्यवसाय एवं आय :.............................................................................
9. स्थानीय पालक यदि कोई हो तो नाम :.............................................................................
   पता एवं व्यवसाय :.............................................................................
   :.............................................................................
10. पत्र व्यवहार हेतु वर्तमान पता : नामः .............................................................
    : पिता का नामः ..................................................
    : वार्ड क्र./मोहल्लाः ...............................................
    ग्राम/शहरः .........................................................
    तहसीलः ......................, वि. खण्ड ......................
    जिला ..................................,पिनकोड ..................

11. स्थायी पता : नामः ............................................................

: पिता का नामः ............................................................

: वार्ड क्र./मोहल्लाः ............................................................

ग्राम/शहरः ............................................................

तहसीलः ......................., वि. खण्ड .......................

जिला .................................,पिनकोड ....................

ई–मेल आई.डी. :............................................................

मोबाईल नंबर – 1. स्वयं का :............................................................

2. पिता/पालक का :............................................................

12. स्कूल/महाविद्यालय का नाम :............................................................

(जहां अंतिम वर्ष अध्ययन किया हो) :............................................................

13. हाईस्कूल या समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण करने

का माह/वर्ष :............................................................

14. अ. प्रथम सेमेस्टर हेतु हाईस्कूल/हायर सेकेण्डरी या समकक्ष परीक्षा में प्राप्तांको का विवरण : (अंकसूची की सत्यापित प्रति संलग्न करें)

| क्र. | हाईस्कूल | प्राप्तांक | पूर्णांक | प्राप्तांक प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|
| 1 | कुल प्राप्तांक | | | |
| 2 | विज्ञान विषय में कुल प्राप्तांक | | | |
| 3 | गणित विषय में कुल प्राप्तांक | | | |

ब. तृतीय सेमेस्टर (**Lateral Entry**) हेतुहाईस्कूल/हायर सेकेण्डरी या समकक्ष परीक्षा में प्राप्तांको का विवरण : (अंकसूची की सत्यापित प्रति संलग्न करें)

| क्र. | हाईस्कूल/हायर सेकेण्डरी या समकक्ष परीक्षा | प्राप्तांक | पूर्णांक | प्राप्तांक प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|
| 1 | कुल प्राप्तांक | | | |
| 2 | गणित विषय में कुल प्राप्तांक | | | |
| 3 | भौतिक विषय में कुल प्राप्तांक | | | |
| 4 | रसायन विषय में कुल प्राप्तांक | | | |
| 5 | अन्य ............................................................ | | | |
| 6 | अन्य ............................................................ | | | |

15. क्या आवेदक ने प्रथम बार में हाईस्कूल : ............................................................

परीक्षा उत्तीर्ण किया है हॉ/नहीं

16. प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश हेतु ऐच्छिक संस्थान की प्राथमिकता :–

(प्राथमिकता क्रम दर्शायें)

अ.II☐चाम्पा, ब.IIHT बरगढ़ ☐

स. ☐ 1. IIHT चाम्पा, 2. IIHT बरगढ़ द. ☐ 1. IIHT बरगढ़, 2. IIHT चाम्पा

(नोट –यदि केवल IIHTचाम्पा हेतु आवेदन करना है तो "अ" बाक्स में सहीं (√) अंकित करें, यदि केवल IIHT बरगढ़ हेतु आवेदन करना है तो "ब" बाक्स में सहीं (√) अंकित करें। यदि पहली प्राथमिकता IIHT चाम्पा एवं दूसरी प्राथमिकता IIHT बरगढ़ है तो "स" बाक्स में सहीं (√) अंकित करें। तथा अगर पहली प्राथमिकता IIHT बरगढ़ एवं दूसरी प्राथमिकता IIHT चाम्पा है तो "द" बाक्स में सही (√)अंकित करें।

17. निवास स्थान से नजदीकी रेलवे स्टेशन : ..........................................................................

18. खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में प्राप्त
अवार्ड का विवरण (प्रमाण पत्र संलग्न करें) : ..........................................................................

(आवेदक के हस्ताक्षर)

## //घोषणा पत्र//

मैं एतद द्वारा घोषणा करता हूं कि मेंरे द्वारा दी गई उपरोक्त जानकारी मेरे स्वयं की जानकारी के अनुसार सत्य एवं सही है।

**आवेदक के पिता/पालक का हस्ताक्षर** | **आवेदक के हस्ताक्षर**

**(नाम :–.......................................................)** | **(नाम.......................................................)**

स्थानः ..........................
दिनांकः .......................

**संलग्नः–**

क. हाईस्कूल परीक्षा की अंकसूची। अथवा (ITI, 10+2 Maths Group, 10+2+Textile Additional अतिरिक्त विषय) समकक्ष उत्तीर्ण परीक्षा की अंकसूची।

ख. छत्तीसगढ़ के मूल निवासी का सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र।

ग. अनुसूचित जाति/जनजाति/अपिव होने का सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र।

घ. बुनकर समुदाय हेतु आरक्षित सीट से प्रवेश लेने के लिए बुनकर समुदाय से संबंधित होने का प्रमाण पत्र। (बुनकर समुदाय का होने के समर्थन में अपने पिता/पालक का बुनकर फोटो परिचय पत्र, बुनकर क्रेडिट कार्ड या बुनकर स्वास्थ्य बीमा कार्ड या बुनकर यार्न पासबुक की सत्यापित फोटोप्रति अथवा बुनकर सेवा केन्द्र या राज्य सरकार के कार्यालय द्वारा बुनकर होने का प्रमाण पत्र)

ड. अन्य 1. ..........................................................................................................
2. ..........................................................................................................

===000===